# प्रैस विज्ञप्ति

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम मना रहा है विशेष सेवा पखवाड़ा

कर्मचारी राज्य बीमा निगम अपनी स्थापना की 68वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में दिनांक 24.02.2020 से 10.03.2020 तक विशेष सेवा पखवाड़ा मना रहा है। पखवाड़े के दौरान कर्मचारी राज्य बीमा निगम के उप क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा ई एस आई की सुविधाओं को अपने बीमित व्यक्तियों तक पहुँचाने हेतु लुधियाना के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाए जाएंगे । इस संबध में जानकारी देते हुए निगम के उप क्षेत्रीय कार्यालय के उप निदेशक (प्रभारी) श्री सुनील कुमार यादव ने बताया कि पखवाड़े के दौरान कर्मचारी राज्य बीमा आदर्श अस्पताल, लुधियाना एवं ई एस आई औषधालयों के साथ संयुक्त रूप से ऐसे 40 शिविरों का आयोजन किया जाएगा ताकि ज्यादा से ज्यादा बीमित व्यक्तियों तक ई एस आई की स्वास्थ्य सुविधाओं को पहुँचाया जा सके। विशेष सेवा पखवाड़े के दौरान अन्य गतिविधियाँ जैसे कि बीमित व्यक्तियों के लंबित बिलों का भुगतान , नकद हितलाभ जैसे अपंगता/आश्रित तथा अन्य लंबित मामलों का जल्द निपटान आदि पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

सेवा पखवाड़े का पहला स्वास्थ्य जाँच शिविर आज दिनांक 24.02.2020 को मै हीरो साइकल इंडस्ट्रीज़ के परिसर में लगाया गया तथा अन्य शिविर मै ओशो टूल्स, दीपक फसटेरनेर्स तथा ड्यूक फ़ैशन (इंडिया) में भी लगाए गए। जिसका उद्घाटन श्री सुनील कुमार यादव द्वारा किया गया दोपहर बाद निगम के उप क्षेत्रीय कार्यालय में एक प्रैस कॉन्फ्रेंस रखी गई जिसमे श्री दिनेश लाकड़ा , सदस्य, कर्मचारी राज्य बीमा निगम उपस्थित हुए। श्री लाकड़ा ने निगम द्वारा व्यापक स्तर पर लुधियाना के विभिन्न क्षेत्रों में बीमित व्यक्तियों के लिए स्वास्थ्य जाँच शिविरों के आयोजन की प्रशंसा की तथा श्री सुनील यादव, उप निदेशक(प्रभारी) तथा अन्य उपस्थित अधिकारियों का धन्यवाद किया। इस चिकित्सा शिविर में लगभग 480 बीमित व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जाँच की गई । श्री यादव ने बताया कि इस क्रम में दूसरा स्वास्थ्य जाँच शिविर 25.02.2020 को में लगाया जाएगा।

यह भी बताया गया कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा पिछले वर्ष के दौरान प्रमुख पहलों में कर्मचारियों तथा नियोक्ताओं द्वारा ई एस आई योजना हेतु अंशदान में कमी, औषधालय-सह-शाखा कार्यालय खोलना, नए कार्यान्वित क्षेत्र में बीमित व्यक्तियों को आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री

जन आरोग्य योजना के नामिकायित अस्पतालों के माध्यम से रु 5 लाख की अधिकतम सीमा तक नकद रहित चिकित्सा देखभाल सेवाएं प्रदान करना आदि शामिल हैं ।

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अधीन कर्मचारी राज्य बीमा निगम दुनिया के सबसे बड़े बहु आयामी सामाजिक सुरक्षा सेवा प्रदाता संगठनों में से एक है, जो देश के कामगारों को बीमारी, प्रसव, निशक्तता तथा रोज़गार चोट से मृत्यु जैसी आकस्मिकताओं से बचाने तथा बीमाकृत व्यक्तियों के परिवार के सदस्यों को चिकित्सा सुविधा प्रदान करता है। लुधियाना नगर में कर्मचारी राज्य बीमा निगम अपने 01 उप क्षेत्रीय कार्यालय, 05 शाखा कार्यालय, 01 मॉडल अस्पताल तथा 13 ई एस आई औषधालयों के द्वारा लगभग 16000 कारखानों/संस्थानों में कार्यरत लगभग 375000 कामगारों व उनके परिवारों को अपनी सेवाएं प्रदान करता है। श्री सुनील कुमार, प्रभारी उप क्षेत्रीय कार्यालय लुधियाना ने बीमितों और नियोजकों को विशेष सेवा पखवाड़े के दौरान अधिकतम प्रतिभागिता का आह्वान किया। नियोजकों से भी पुनः अनुरोध किया गया कि सभी व्याप्ति योग्य कर्मचारियों का पंजीकरण ई एस आई सी में करवाना सुनिश्चित करें।

Dated: 24/02/2020

## Press Release

## ESIC Celebrates 68$^{th}$ Anniversary with Special Services Fortnight

Employees' State Insurance Corporation is celebrating Special Services Fortnight from 24/02/2020 to 10/03/2020 on 68$^{th}$ Anniversary of the ESI Scheme. The focus of the Special Services fortnight will be on holding of health checkup camps at various industrial locations of Ludhiana. Sh. Sunil Kumar Yadav, Deputy Director I/c, SRO Ludhiana said that around 40 such camps will be held in association with ESIC Model Hospital, Ludhiana and ESI Dispensaries during this fortnight, so that maximum Insured Persons under the ESI Scheme should get the benefit of these camps. The other activities to be undertaken during the fortnight includes clearance of pending bills, cash benefits in case of Death/Disability and other benefit cases of Insured Persons.

In this series, first such health checkup camp was organized today at M/s Hero cycles industries along with other camps at M/s Osho tools ltd, Deepak Fasteners and M/s Duke Fashions (india) . The camp was inaugurated by Sh. Sunil Kumar Yadav, Deputy Director I/c. In the evening, a press conference was organized at Sub Regional Office, ESIC, Ludhiana where Sh. Dinesh Lakra, Member, ESIC was also present. Sh. Lakra appreciated the initiative of ESIC for organizing the health camps at such a large scale for the welfare of Insured Persons of Ludhiana. Sh. Sunil Kumar Yadav, Deputy Director I/c briefed the press about the history of ESIC and latest initiatives taken by the corporation for improvement of its services. Around 480 Insured Persons attended the Medical Camps today. Next Camp will be held at M/s Mehta Automotive Pvt. Ltd., M/s Ralson Tyres on 25.02.2020.

It was also shared that ESIC took various initiatives during the last one year to improve its services i.e. reduction in rates of contribution from 6.5% to 4% , convergence of ESI Scheme with Ayushman Bharat, Opening of Dispensary-cum-Branch Offices and Health Passbook etc.

Employees' State Insurance Corporation is one of the world's largest multi dimensional social security scheme under Ministry of Labour and Employment, Govt. of India, which provides social protection to Workforce of the country against the impact of incidence of sickness, maternity, disablement or death due to employment injury and to provide medical care to insured persons and their families. This Scheme is implemented through Employees' State insurance Corporation. In Ludhiana ESIC is providing its services to 3,75000 Employees and their families working in approx. 16000 factories/establishments through one Sub Regional Office, 05 Branch Offices, one Model Hospital and 13 ESI dispensaries spread across the city. Sh. Sunil Kumar Yadav, Incharge, SRO Ludhiana exhorted Insured Persons and Employers to avail benefits of this Special Services Fortnight and also requested Employers to ensure registration of all coverable employees in their unit.

**Dated 27.02.2020**

# <u>प्रैस विज्ञप्ति</u>

कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने लगाए स्वास्थ्य जाँच शिविर

कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा निगम की स्थापना की 68वी वर्षगांठ के अवसर पर लुधियाना के विभिन्न औद्योगिक संस्थानों में स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज ई एस आई द्वारा शहर की चार प्रमुख इकाइयो मै. रालसन टायर्स, मै. नेवा गार्मेंट्स, मै. बॉन ब्रैड, मै. गंगा अक्रोवूल्स में शिविर लगाए गए जिसमे 547 बीमित व्यक्तियों की डॉक्टरी जाँच की गई। साथ ही श्रमिकों को कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत आने वाले विभिन्न हितलाभों की जानकारी भी दी गई। इस पखवाड़े के दौरान अभी तक 15 शिविरों में लगभग 2000 से ज्यादा श्रमिकों/कर्मचारियों की स्वास्थ्य जाँच की गई। पखवाड़े के दौरान ऐसे 40 शिविर लगाए जाने हैं जिनमे मै. रालसन टायर्स, मै. शिवा टेक्स फेब, मै. एवन साइकल तथा मालवा इंडस्ट्रीज़ प्रमुख है। सभी श्रमिकों/कर्मचारियों/नियोजक इसमें अधिकाधिक भाग लें।